भामस की कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

भीलवाड़ा । भामस की जिला कार्यसमिति की बैठक में जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ रजनी शक्तावत की अध्यक्षता में भामस कार्यालय भीलवाडा में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से कई बिन्दुओ पर चर्चा की गई। जिलामंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति के निर्देशानुसार 70 वर्ष में प्रवेश करने पर 1 जनवरी 2025 से निधि संग्रहण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रत्येक पदाधिकारी व सदस्य द्वारा अपनी स्वेच्छा से निधि समर्पण करना, संगठन विस्तार हेतु व नये युनियन के गठन हेतु प्रस्ताव लिये गये। प्रत्येक यूनियन में प्रभारी नियुक्त करने का भी प्रस्ताव लिया गया तथा बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी को नोटिस देने का प्रस्ताव दिया गया। निधि समर्पण हेतु प्रदेश विधिक सलाहकार व विशिष्ट श्रमिक नेता प्रभाष चौधरी ने 5100 रूपये, जिला मंत्री हरीश सुवालका ने 5100 रूपयें व जिलाध्यक्ष रजनी शक्तावत ने 2100 रूपयें बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियो ने भी निधि समर्पण की घोषणा की जिलाध्यक्ष रजनी शक्तावत ने बैठक समापन की घोषणा करी।

वार्ड संख्या 6 में गंदे पानी की निकासी को लेकर वार्ड वासी परेशान

आसीन्द, (निसं)। आसींद नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 तेरापंथ सभा भवन के सामने गंदा पानी एकत्रित होने से वार्ड वासी परेशान है मोहल्ले वासियों ने बताया कि सड़क पर लबालब पानी भरने से वार्ड वासियों एवं राहगीरो को गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कई बार पालिका प्रशासन एवं सफाई कर्मचारियों को उक्त समस्या के बारे में अवगत करवाया लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की साफ सफाई नहीं हो पाई है सड़क पर गहरी गढ़ों में पानी भरने के कारण दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं वार्ड वासियों ने 2 दिन में वार्ड में साफ सफाई नहीं होने पर पालिका प्रशासन को चेतावनी देते हुए बताया कि यदि साफ सफाई नहीं होती है तो वार्ड वासियों के द्वारा उपखंड स्तर पर ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वही इस मार्ग से गुजरने वाले विद्यार्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है सड़क के दूसरे किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ है नगर पालिका प्रशासन सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दे रहा है कचरे के देर में कई गाये प्लास्टिक की थैलियां खाकर बीमार हो रही है। वार्ड पार्षद रईसा बेगम ने बताया कि वार्ड संख्या 6 में साफ सफाई नहीं होने से वार्ड वासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है साथ ही जैन समाज का मोक्ष धाम में भी इसी वार्ड से होकर जाना पड़ता है जिसमें अंतिम यात्रा के दौरान भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

■ वार्ड वासियों के द्वारा उपखंड स्तर पर ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा

आसींद नगर पालिका क्षेत्र में गंदगी का अंबार से लोग हो रहे हैं परेशान।

तस्कारों के खिलाफ की कार्यवाही

ब्यावर. (निसं) । जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा वृत्ताधिकारी मसुदा के निकट सुपरविजन में पुलिस थाना बार टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 01.845 किलोग्राम अवैध अफीम का दूध करामद कर दो आरोपियों को गिरफतार कर परिवहन मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल को बरामद करने में मिली सफलता। शनिवार को पुलिस थाना बार टीम द्वारा महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज अजमेर द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थो तस्कारों के विरूद्ध विशेष अभियान के दौरान का कार्यवाही हेतु नाकाबन्दी के दौरान एक मोटरसाईकिल बदनौर की तरफ से आती हुई नजर आई जिसको रूकवा कर चैक किया तो मोटरसाईकिल के अन्दर छुपा कर रखे 1.845 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम दुध मिला जिसको जब्त कर आरोपियों उपरेडा पुलिस थाना राश्मी जिला चितौडगढ निवासी अब्दुल रसीद पुत्र हकिम खांन पठान, पन्ना खेडा पुलिस थाना राश्मी जिला चितौडगढ निवासी विक्रमसिंह झाला पुत्र रणजीत सिंह झाला को गिरफतार किया गया व परिवाहन में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को जब्त किया गया।

सार-समाचार

एसोसिएशन का नववर्ष स्नेह मिलन

ब्यावर, (निसं) जिला बार एसोसिएशन संस्था द्वारा नववर्ष का स्नेह मिलन शनिवार को बार रुम में आयोजित किया गया। संस्था सचिव नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में एडीजे 3 विजय प्रकाश सोनी ने अधिवक्ताओ को कठिन मेहनत करने और ईमानदारी से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा की न्यायपालिका व अधिवक्ताओं का आपस में सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्य चलता रहे ताकि आम जनता को शीघ्र न्याय मिल सके। इस अवसर पर अन्य न्यायिक अधिकारियों ने भी अधिवक्ताओं को सफल वकालत का कार्य करने का तरीका बताया।अध्यक्ष दिलीप सिंह गोरा ने बार में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। स्नेह मिलन के समापन में सचिव नरेंद्र कुमार शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम के पश्चात साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें बार की गरिमा को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कौशिक ने बार द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी सदस्यों को सहयोग की अपील की। अत्यधिक संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बना दिया।इस अवसर पर रामपाल कुमावत, टीकम सिंह चौहान, लक्ष्मणसिंह, मोहन लोहानी, पी डी मिश्रा, अतुल बसल, धर्मेंद्र शर्मा, महेंद्र तेली, नितेश वर्मा, रवि टाक, मो. शाहीद, मोनिका वर्मा, राजकुमारी तंवर, सुलक्षणा शर्मा, कोमल सांखला, नीलम, महिमा कोकलिया, प्रज्ञा अग्रवाल सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

सात दिवसीय भागवत कथा का विश्राम

अजमेर, (कासं)। वृंदावन के कथावाचक रामकृष्ण महाराज ने वैशालीनगर, वनविहार मांगीलाल साहू का कुआं स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कहा कि भागवत कथा संपूर्ण वेदों का निचोड़ है। इसमें जीवन की हर समस्या का हल है। जिसने भी भागवत को अपने जीवन में उतारा वह भवपार हो गया। महाराज ने आज कृष्ण द्वारका के राजा बनने द्वारकाधीश तथा मणी, जामवंत और जामवन्ती सत्यभामा, कालिंदी तथा संगरासूर, सोलह हजार एक सौ रानियों की कथा सुनाई। प्रवक्ता आभा गांधी ने बताया कि कल रविवार को प्रात: 9.15 बजे नौ जोड़ो के साथ हवन एवं यज्ञ होगा एवं पूर्णाहुति होगी । तत्पश्चात 11.30 से आम भंडारा होगा। श्रीमद् भागवत कथा का आज विश्राम हुआ । हवन यज्ञ में यजमान एवं कालोनीवासियों ने भाग लिया एवं आहुति दी । रीना गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रवासियों, भक्तों, श्रद्धालुओं ने भीगी पलकों एवं प्रसन्नता के साथ कथावाचक महाराज एवं श्रीमद्भागवत पोथी को विदाई दी । इस अवसर पर सतीश गोयल, जगदीशप्रसाद साहू, चंद्रप्रकाश, राजेंद्र गांधी, ललिता त्रिपाठी, बाबूलाल साहू, मोनिका, सरोज, पूजा त्यागी, प्रेमव्यास, बीना मितल, मीरा गोयल, आभा गांधी, मनीषा, कोमल, अमित वर्मा, वृद्धि शंकर व्यास, नेमीचंद साहू सहित अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लगाए रिफ्लेक्टर

शाहपुरा । राष्ट्रीय सडक सुरक्षा 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक) के तहत् लाम्बियां टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग स्वास्थ्य, विभाग की और से विभिन्न सडक सुरक्षा गतिविधियों का आयोजन किया गया।परिवहन विभाग के निरीक्षक रामराज खाती एवं लाम्बियाँ टोल प्लाजा के मैनेजर, महेश पाटिल एवं मेन्टेनेस टीम के सदस्यों विभिन्न श्र के वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव रेप लगाई गई, एवं वाहन चालको को सडक सुरक्षा नियमो मो से सम्बंधित पेम्पलेट वितरित किए जाकर सडक सुरक्षा नियमो की आनकारी दी गई।परिवहन विभाग एवं टोल प्लाजा लाम्बियां कलाँ के कार्मिको डारा, मेडि स्वास्थ विभाग की नेत्र सहायक सुमन सैनी एवं स्टॉक के सहयोग से वाहन चालको के आखो की निशुल्क जाँच की गई एवं आवश्यक उपचार हेतु दिशा निर्देश दिए।

जिला बचाने को लेकर दिव्यांग भी आए आगे

शाहपुरा । दिव्यांग संघ जिला शाहपुरा द्वारा अभिभाषक संस्था शाहपुरा को ज्ञापन एवं सुझाव पत्र दिया।दिव्यांग संघ जिला शाहपुरा के अध्यक्ष किशन तेली एवं कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी द्वारा ज्ञापन पत्र में बताया गया कि शाहपुरा जिला समाप्त होने से ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के समस्त दिव्यांग जनों की मुश्किलें बढ़ गई है छोटे से छोटे काम के लिए भी शाहपुरा से 50 किलोमीटर दूर भीलवाड़ा जाना पड़ेगा ।इसे हेतू दिव्यांग संघ जिला शाहपुरा द्वारा अभिभाषक संस्था को सुझाव एवं ज्ञापन पत्र देकर सहयोग करने की अपील की गई साथ ही भौतिक रूप से उपस्थित होकर आंदोलन को तेज करने हेतु सुझाव दिया गया सहयोग और सुझाव पत्र देते समय दिव्यांग संघ शाहपुरा के निम्नलिखित सदस्य अध्यक्ष किशन लाल तेली कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी उपाध्यक्ष जगमोहन ऐरवाल सचिव सुरेश कुम्हार ,संघ सदस्य सोनू तेली संघ सदस्य ओमप्रकाश खटीक संघ की महिला सदस्य मीरा देवी ,संघ सदस्य सीताराम ऐरवाल राधा देवी आदि सदस्य उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। मदनगंज थाना अंतर्गत सिंधी कॉलोनी के पास रेल्वे ट्रेक पर मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतका हरियाणा गोड़ धर्मशाला के पास निवासी 24 वर्षीय दीपू कंवर राजपुरोहित है। वह रेललाईन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

राजनाथ सिंह की चादर आज होगी पेश

अजमेर, (कासं)।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चादर 5 जनवरी को ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में पेश की जाएगी। राजनाथ ने दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान को चादर सौंपी। रक्षा मंत्री के विशेष कार्याधिकारी प्रभात कुमार कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुनव्वर खान दोपहर 2 अजमेर में चादर पेश करेंगे। वह बुलंद दरवाजे पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का संदेश भी पढ़ेंगे।

कलक्टर ने 224 कार्यों के लिए 2627.21 लाख रुपये की दी स्वीकृति

भीलवाड़ा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के तहत जिला कलक्टर नमित मेहता द्वारा 12 पंचायत समितियों में 224 कार्यों के लिए 2627.21 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चन्द्रभान सिंह भाटी ने दी ।वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3485 कार्यों के लिए 8830.75 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई - वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में अब तक 3485 कार्यों के लिए श्रम मद में 5994.96 लाख रुपये और सामग्री मद में 2835.79 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसका कुल योग 8830.75 लाख रुपये है। पंचायत समितियों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों को जिला कलक्टर ने दी स्वीकृति - जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी ने बताया कि पंचायत समितियों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों को जिला कलक्टर द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति बदनोर में 37 कार्यों पर 466.31 लाख रुपये, बनेडा में 16 कार्यों पर 12.64 लाख रुपये, हुरडा में 10 कार्यों पर 133.36 लाख रुपये, जहाजपुर में 04 कार्यों पर 27.82 लाख रुपये, करेडा में 35 कार्यों पर 432.45 लाख रुपये, कोटडी में 15 कार्यों पर 222.03 लाख रुपये, माण्डल में 21 कार्यों पर 275.64 लाख रुपये, बिजोलिया में 5 कार्यों पर 72.35 लाख रुपये, रायपुर में 17 कार्यों पर 140.15 लाख रुपये, सहाडा में 30 कार्यों पर 404.18 लाख रुपये, शाहपुरा में 14 कार्यों पर 206.32 लाख रुपये और सुवाणा में 20 कार्यों पर 233.96 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई।

नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान महार्चना एवं विष्व शांति महायज्ञ व रथयात्रा धूमधाम के साथ सम्पन्न

अजमेर, (कासं)।श्री जिनशासन तीर्थक्षेत्र जैन नगर नाकामदार अजमेर में परम पूज्य अभिक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के सुयोग्य शिष्य परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी मुनिराज व मुनि श्री 108 सदानंदजी मुनिराज, क्षुल्लक श्री 105 पूर्णानंद जी महाराज एवं प्रतिष्ठाचार्य नमन जैन के पावन सानिध्य में पंच दिवसीय श्री नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान महार्चना एवं विष्व शांति महायज्ञ व रथयात्रा भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई। मंत्री विनित कुमार जैन ने बताया कि पंच दिवसीय श्री नंदीष्वर महार्चना समापन कार्यक्रम के तहत प्रात:काल 7 बजे जिनाभिषेक एवं शांतिधारा, 7.30 बजे श्री नंदीश्वर द्वीप महाअर्चना पूजन प्रारम्भ हुई। नंदीष्वर द्वीप महामंडल विधान में 52 चैताल्य की चारो दिशाओं में 52 भगवान विराजमान किये गये एवं अन्तिम विलय के 252 अर्घ समर्पित किये गये। प्रात: 9 बजे विधान में पूज्य गुरूदेव उपाध्याय श्री वृषभानंद मुनिराज संसघ का भव्य आगमन हुआ। परम पूज्य अभिक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य वसुनंदी महाराज एवं राजसंत विद्यानंद जी महाराज के चित्र के समक्ष चित्र अनावरण विनीत कुमार नवनीत कुमार उन्नैरिया एवं दीप प्रजज्जवलन पूरणचंद राजकुमार अगरिया परिवार ने किया। उपाध्याय श्री के द्वारा अपने मांगलिक उद्बोधन में जीव मात्र कें कल्याण की भावना के साथ पूरे विष्व के कल्याण की कामना की गई। आज विश्व शांति महायज्ञ में विश्व में अहिंसा का प्रचार हो, प्रत्येक प्राणी मात्र में जीव दया का भाव उत्पन्न हो। इस भावना के साथ हवन में आहूतियाँ दी गई। तत्पष्चात् प्रात: 10.30 बजे से भव्य रथयात्रा जिनशासन तीर्थ क्षेत्र से प्रारम्भ होकर बैक कॉलोनी, होते हुए रेणु शर्मा क्लिनिक, पेट्रोल पम्प होते हुए गांधी नगर होते हुऐ गली नं. 4 से चर्च के पास होते हुए चुंगी चौकी जैन मंदिर होते हुए पुन: जिनशासन तीर्थ क्षेत्र पहुंची। जुलुस में एक स्वर्णमयी रथ, बैण्ड, पॉच घोड़े, 8 बग्गी, 11 ढोल साथ चले। रथयात्रा में सारथी बनने का सौभाग्य राकेश कुमार उम्मेद कुमार अंकित कुमार नायक परिवार को प्राप्त हुआ, रथ के खवासी बनने का सौभाग्य मनोज, राकेश ठकुरिया परिवार को प्राप्त हुआ एवं चंवर करने का सौभाग्य संदीप ,मोहन ,पंचगईया, मुन्नालाल प्रदीप कुमार ठकुरिया को प्राप्त हुआ।

महार्चना एवं विष्व शांति महायज्ञ व रथयात्रा भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई।

जायरीन के लिए रहेगी पूर्ण व्यवस्था

अजमेर, (कासं)। उर्स मेला-2025 में भाग लेने वाले पाकिस्तानी जायरीन के लिए प्रशासन द्वारा पूर्ण व्यवस्थाएं अंजाम दी गई है। पाकिस्तानी जायरीन 6 जनवरी से 9 जनवरी तक उर्स में भाग लेने के उपरान्त 10 जनवरी को अजमेर से प्रस्थान करेंगे।अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के 813वें उर्स-2025 में सम्मिलित होने वाले पाकिस्तानी जायरीन को केन्द्रीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरानी मण्डी में ठहराया जाएगा। पाकिस्तानी जायरीन को ठहरने तथा जियारत आदि की समस्त व्यवस्थाओं के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त भरतराज गुर्जर को सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ऐजाज अहमद को अतिरिक्त सम्पर्क अधिकारी एवं तहसीलदार ओम सिंह लखावत को सहायक सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सावित्री बाई फुले को किये श्रद्धा सुमन अर्पित

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ शहर में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई वहीं यह जयंती शहर स्थित यदुवंशी माली समाज भवन में मनाई गई इस दौरान समाज अध्यक्ष रामनरायण माली एवं हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भागचंद चापा, सुरेश माली, सत्यनारायण माली ने सावित्री बाई फूले के पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलीत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं इस दौरान कन्हैयालाल माली ने बताया कि सावित्रीबाई फुले देश की प्रथम बालिका विद्यालय की प्राचार्य रही व किसान विद्यालय की स्थापना की जिसका उद्देश्य महिलाओं को शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना था फुले को 19वीं सदी की प्रमुख समाज सेविका माना जाता है उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरीतियों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष किया, उन्होंने तत्कालीन समय में भारतीय नवयुवकों से आ ान किया कि वह देश समाज संस्कृति को सामाजिक बुराइयों तथा अशिक्षा से मुक्त करें , और एक स्वस्थ सुंदर समाज का निर्माण करें, मनुष्य के लिए समाज सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है इससे अच्छी कोई ईश्वर सेवा नहीं है वहीं महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यालय के संचालक नोरत माली ने बालिका शिक्षा पर अधिक से संख्या में पढ़ने पर जोर डाला इस मौके पर सुरेश माली ने भी अपने विचार व्यक्त किये वहीं कार्यक्रम का संचालन कन्हैया लाल माली ने किया इस अवसर पर समाज के महेन्द्र माली, नोरत मल माली, घीसा लाल माली, ताराचंद, राधेश्याम माली, गणेश माली, उपाध्यक्ष महावीर माली, हिंगतड़ा गोदू माली, ग्यारसी लाल, भूरा माली, रामदेव माली व महावीर माली साहित अन्य मौजूद रहे।

सचिन पायलट करेग चादर पेश

अजमेर,(कासं)।राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की ओर से ख्वाजा साहब के सालाना 813वें उर्स मे रविवार पांच जनवरी को चादर व अकीदत के फूल पेश किए जाऐगे।राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन आबिद कागजी ने बताया कि 5 जनवरी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजस्थान के पूर्वउप मुख्यमंत्री सचिन पायलट साहब की ओर से गरीब नवाज की 813 वे उर्स के मुबारक मौके पर हर साल की तरह इस साल भी आज 5 जनवरी को 3: 30 बजे गरीब नवाज की मजार पर चादर शरीफ का नजराना पेश किया जाएगा ।चादर शरीफ को पेश करने से पूर्व सभी कांग्रेस जन सर्किट हाउस में दोपहर 2 बजे एकत्रित होंगे और वहां से एक साथ दरबार गरीब नवाज में चादर पेश करने जाएंगे।

झंड़ा रोहन के साथ शुरू हुआ नेत्र चिकित्सा शिविर

शाहपुरा । रामद्वारा परिसर में भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई राजस्थान, जयपुर व जिला अंधता निवारण समिति, शाहपुरा एवं आर. एम. आर एस जिला चिकित्सालय, शाहपुरा के सहयोग से तथा सदभावना सेवा ट्रस्ट व स्माईल फाउन्डेशन के तत्वाधान में 20वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपणशिविर का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा किये गए झंडा रोहन के साथ हुआ।

मणमोकार मंत्र के साथ शुरू हुए कार्यक्रम ज़िला कलक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य, सद्भावना सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष कमला चौधरी की अध्यक्षता में शुरू हुआ। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी भारत जयराम, नगर परिषद सभापति रघुनन्दन सोनी, ट्रस्ट संरक्षक , कांता चौधरी, शिविर संयोजक अनिल लोढ़ा, प्रमिला सूर्या, निर्मला, शकुंतला, कमलेश लोढ़ा, बालूराम सोमाणी, कपासन, किशन कुमावत, नवीन जैन, शिविर निदेशक डॉ राजेन्द्र खगड़िया, पीएमओ डॉ अशोक जैन, डॉ श्रद्धा जैन, महेंद्र सिंह लोढ़ा, राजकुमार काबरा, बालमुकन्द तोषनीवाल, अविनाश शर्मा, विनय डांगी, शिवप्रकाश सोमाणी, हरि मुंदड़ा, धीरज मुंदड़ा, राजेंद्र पाराशर आदि उपस्थित थे।शिविर में अनुभवी वरिष्ठ नेत्र चिकित्सको ने 1500 करीब नेत्र रोगियों को देखते हुए उनकी जांचे की। चिकित्सा परामर्श व रोग निदान करते हुए 324 मोतियाबिन्द, काला पानी, नाखूना, पलकबन्दी के रोगियों को शिविर में भर्ती किया गया। जिनका रविवार को शाहपुरा जिला चिकित्सालय में नेत्रों के ऑपरेशन होंगे।शिविर संयोजक अनिल लोढ़ा ने बताया कि शिविर में रामनिवासधाम ट्रस्ट, वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, शाहपुरा श्याम सेवा समिति, कई युवा संगठन, सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने शिविर में सेवा प्रदान की।

वर्शिप एक्ट को लागू करे सरकार : सरवर चिश्ती

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के अजमेर प्रवास के दौरान दरगाह के खादिमों की संस्था अंजूमन सैयद जादगान के सचिव सरवर चिश्ती ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देश में शांति और भाईचारा कायम करने के लिए कदम उठाने चाहिए। जिस तरह से देश में जगह-जगह धार्मिक स्थलों को लेकर विवाद उत्पन्न किए जा रहे हैं, उन पर विराम लगाने के लिए वर्शिप एक्ट को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चादर पेश करने के बाद रिजिजू आस्थाना शरीफ से बाहर आए तब अंजुमन की और से उनका इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर सरवर चिश्ती ने अंजुमन की और से प्रधानमंत्री के नाम रिजिजू को पत्र सौंपते हुए कहा कि मुस्लिम धार्मिक स्थलों को लेकर देश में लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं, तथा अदालतों में मुकदमें पेश कर भावनाओं को आहत किया जा रहा है। जिससे देश के मुसलमानों में भय उत्पन्न हो रहा है। केंद्र सरकार को इस मौके पर अल्पसंख्यकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए वर्शिप एक्ट को लागू करते हुए ऐसे तत्वों पर लगाम कसनी चाहिए। जिससे देश का आंतरिक माहौल सौहार्दपूर्ण बना रहे। कुछ लोग अपने नाम को चमकाने के लिए अदालतों में मस्जिद,दरगाहों को लेकर विवाद उत्पन्न करने की नियत से वाद प्रस्तुत कर लोगों की भावनाएं भडकाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर सख्ती से कार्यवाही कर एक्ट के तहत विवादों को विराम लगाने के लिए केंद्र सरकार कार्य करना चाहिए।

वासुदेव देवनानी रहेंगे ब्यावर दौरे पर

ब्यावर, (निसं) । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को एकदिवसीय ब्यावर जिले के दौरे पर रहेंगे।देवनानी अमृतकौर जिला चिकित्सालय हेतु आवंटित नवीन भूमि का करेंगे विधिवत पूजन करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी रविवार को प्रात: 10.30 बजे अजमेर से रवाना होकर 11:30 बजे ब्यावर पहुंचेंगे।

देवनानी प्रात: 11:30 बजे नरबदखेड़ा चौराहा स्थित राजकीय अमृतकौर जिला चिकित्सालय हेतु आवंटित नवीन भूमि का विधिवत पूजन करेंगे।विधानसभा अध्यक्ष इसके पश्चात सोजत होते हुए पाली के लिए आगामी कार्यक्रमो हेतु प्रस्थान करेंगे ।जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारिया करने हेतु दिशा निर्देश दिए हैं।

किसान ले सकेंगे ब्याज अनुदान योजना का लाभ

अजमेर, (कासं)। जिले के किसान दीर्घकालीन सहकारी ऋणों पर ब्याज अनुदान योजना का लाभ प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते है। अजमेर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक से प्रबन्ध निदेशक भंवर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि राजस्थान सरकार की परिवर्तित बजट घोषणा 2024-25 के अंतर्गत दीर्घकालीन सहकारी कृषि ऋणों पर ब्याज अनुदान योजना 2024-25 एवं दीर्घकालीन सहकारी अकृषि उत्पादक ऋणों के लिए ब्याज अनुदान योजना, 2024-25 लागू की गई है। यह ब्याज अनुदान योजना 5 वर्ष एवं अधिक अवधि के लिए गए ऋणों पर लागू होगी। ऋण की किस्त समय पर चुकाने पर ही योजनान्तर्गत ब्याज अनुदान का लाभ देय होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 तक वितरित दीर्घकालीन कृषि ऋणों (किसान कल्याण योजना सहित पात्रा कृषि उद्देश्य हेतु दिये ऋण) की वित्तीय वर्ष 2024-25 में बनने वाली मांग का समय पर चुकाया करने वाले ऋणी सदस्यों को ब्याज दर में 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। वर्ष 2024-25 में वितरित दीर्घकालीन कृषि ऋणों (किसान कल्याण योजना सहित पात्रा कृषि उद्देश्य हेतु दिये ऋण) की वर्ष 2024-25 में देय होने वाली मांग का समय पर चुकाया करने वाले ऋणी सदस्यों को ब्याज दर में 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा।

टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों की बैठक आयोजित

भीलवाड़ा । जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में शनिवार को टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने बैठक में कहा कि टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों को पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए और प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों के द्वारा उत्पन्न किए जा रहे उछिष्ठ के निपटान को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों से निकलने वाले कचरे का सही तरीके से निपटान हो, जिससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को कम किया जा सके।उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है कि टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों में कचरा निपटान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किया जाए। बैठक में जिला कलक्टर ने टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि वे प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई इकाई प्रदूषण नियंत्रण मंडल के निर्देशों का पालन नहीं करती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए कदम उठाने को किया प्रेरित - जिला कलक्टर ने बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल को निर्देश दिए कि प्रदूषण को लेकर सख्ती बरतनी पड़ेगी।

उन्होंने टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों का नियमित रूप से निरीक्षण के लिए धनेटवाल को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने प्रोसेस हाउस इकाइयों के प्रतिनिधियों प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों की पालना के निर्देश दिए, जिसमें प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर द्वारा इकाइयों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट हेतु कदम उठाने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों में स्थापित उछिष्ठ उपचार व्यवस्था, प्रदूषित पानी के निस्त्राव की रोकथाम, और वर्षा ऋतु के दौरान प्रदूषित पानी के निस्त्राव की शिकायतों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, बैठक में टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों को संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान और टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों से प्राप्त सुझाव पर भी चर्चा की गई।

■ टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों को पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए : नमित मेहता

जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों की बैठक आयोजित ।

रेस्क्यू किया

मसूदा,(निसं)। मसूदा के निकटवर्ती ग्राम नंदवाड़ा धोबीघाटा में नील गाय को स्वानों ने घायल कर दिया जिसको गोशाला दल ने रेस्क्यू कर गोशाला भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम धोबी घाटा में नील गाय को स्वानों ने गैर लिया नोच लिया जिससे नील गाय का एक पैर टूटा गया।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के आर्मी नं. JC-287393Y रैंक- SUB (TA) नाम- MAHENDRA KUMAR YADAV है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम KALAWATI दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम KALLO DEVI से जाना जाये।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मंडल: अजमेर

क्रमाक 1372 जाहिर आम सूचना:. दिनांक 30.12.2024

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-ग-11 अजयनगर, अजमेर क्षेत्रफल 53.00 वर्गगज मूल आवंटी श्री कन्हैयालाल पुत्र श्री छगोमल को आवंटित कर दिनांक 19.04.1978 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। मूल आवंटी श्री कन्हैयालाल पुत्र श्री छगोमल द्वारा आवास का